# वार्ड-34 उपचुनाव : भाजपा की करारी हार, कांग्रेस को संजीवनी

## संगठन में अहंकार और कमजोर बूथ बना हार की वजह, जिला अध्यक्ष के पहले ही इम्तिहान में भाजपा फेल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 3 जनवरी । नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद पद उपचुनाव में भाजपा को मिली करारी शिकस्त ने पार्टी संगठन की जड़ों को हिला कर रख दिया है। जिस वार्ड को भाजपा अपनी सेफसीट मानकर चल रही थी, वहीं कांग्रेस की अप्रत्याशित जीत ने राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। यह जीत कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित हुई है, जबकि भाजपा के लिए यह हार आत्ममंथन का अलार्म है।**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर भाजपा से चूक कहां हुई, जवाब साफ है, संगठनात्मक अहंकार, आरएसएस की अनदेखी, कमजोर बूथ प्रबंधन और कार्यकर्ताओं की उदासीनता। भाजपा संगठन ने इस उपचुनाव में आरएसएस की भूमिका को पूरी तरह नजरअंदाज किया। जमीनी स्तर पर काम करने वाले स्वयंसेवकों को न तो भरोसे में लिया गया और न ही चुनावी रणनीति में शामिल किया गया। नतीजा यह हुआ कि बूथ स्तर पर भाजपा की पकड़ ढीली पड़ गई। कई मतदान केंद्रों पर भाजपा समर्थक मतदाता घर से ही नहीं निकले। टिकट वितरण भी पार्टी के लिए गले की फांस बन गया। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने लंबी चूक




की। स्थानीय समीकरणों, जनभावनाओं और वार्ड की नब्ज को समझने के बजाय ऊपर से फैसला थोप दिया गया। प्रत्याशी का व्यवहार और अहंकार भी कार्यकर्ताओं को रास नहीं आया। अंदरखाने नाराजगी इतनी बढ़ी कि कई भाजपा कार्यकर्ता चुनाव प्रचार से दूरी बनाए रहे। जानकारी के अनुसार सात में से छः मतदान केंद्रों पर भाजपा को भारी मतों से पिछड़ना पड़ा। यह स्थिति तब है, जब भाजपा के पास संगठन, संसाधन और सत्ता, तीनों मौजूद थे। इसके बावजूद कमजोर बूथ मैनेजमेंट ने पार्टी की पोल खोल दी। यहां कांग्रेस पार्टी की एक तरफा जीत हुई है। भाजपा प्रत्याशी 244 मत पर सिमट गये। 173 मतों से हार का सामना करना पड़ा है। जबकि भाजपा इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी थी और फर्जी वोटिंग को लेकर भी हंगामा हुआ था।

### पहले इम्तिहान में जिलाध्यक्ष असफल

यह उपचुनाव जिला भाजपा अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के लिए पहला बड़ा इम्तिहान था, जिसमें पार्टी को करारा झटका लगा है। संगठन को साधने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और चुनावी तालमेल बैठाने में नाकामी साफ नजर आई। जिले में भाजपा संगठन की इस हार के बाद जमकर किरकिरी हो रही है। दूसरी ओर कांग्रेस ने इस मौके को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सीमित संसाधनों के बावजूद जमीनी संपर्क, घर-घर पहुंच और बूथ पर सतर्कता ने कांग्रेस को जीत दिलाई। यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने वाली साबित हुई है। कुल मिलाकर वार्ड 34 का उपचुनाव भाजपा के लिए चेतावनी है। यदि पार्टी ने अब भी अहंकार नहीं छोड़ा, आरएसएस और कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दिया और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत नहीं किया, तो आने वाले चुनावों में ऐसी हारें दोहराई जाती रहेंगी। यह हार सिर्फ एक वार्ड की नहीं, बल्कि भाजपा संगठन की सोच और कार्यशैली की हार है।

# नए बरिस मा लीन्हेंन नवो प्रन

देखत-देखत घरी कइसय बीत जात ही केहू का कुछु पता नाही लागे. अपना पाच्य मानी ता इया 21वी सदी का पहिल पहर पूर होइगा.बीते पच्चीस बरिस मा केय का पाइस अउर का खोइस येखर सुध सब का करा चाही.ऐसे की यते सालन मा एक नई पीढ़ी आपन पूर दबदवा कायम कर लेत ही.अब इया दूसर बात होइगे हय की




काजे-बियाहे कै विषय मा पहिले कस बाप-महतारी तय तमान नाही कर पामय नाही ता पहिले यति उमिर मा लोग तीसरे कय भार उठामय लगत रहे हेमय.एहि से यते बरिस का एक पीढ़ी कहा जात रहा.अबके बापो-महतारी वो ही मेर कै होइगे हय. कुछु घरन मा ता देखय का मिला हय की अठारह-बीस साल कै लड़का-बिटियन का महतारी अपने हाथे से खबाउती हय. उनसे पूछ लीन जाय कि कहे अइसन करित हेयन ता कहिहै की फेर इया खातेन नाही आय.सोची पहिले कै बाप -महतारी यते बड़े लड़का का आधी खेती अउर बनिया - साहूकार अपन दुकान अउर गद्दी सऊप देत रहा.हमी घलय सुधी ही की साइकिल कै कैची चलब जब से बनय लग रही तब से झोरा अउर पइसा पकड़ाया कै साउदा लयामय का कही दिहिन जात रहा.हमउ पाच्य चाहत रहे हेयन की कोउ काम बताबय अउर साइकल चलामय का मिलय.फेर भले साउदा नेरे मिलत होय तइउ दूरी वाली दुकान मा जाइ. ऐसे की वोती दूरी साइकल चलामय का मिलय.मान लेइ अब इया मेर कै किस्सन का कउनो अरथ नाही रहिगा. अब ता सब बदलिगा मनई घर बइठे जउन चाहय का होय तउरतय मंगाए लेत हय. जउन केउ कबहुँ सोचे ना रहा होई वा सब देखत-देखत होय लाग. पर हमार यहया कहब हय की इया बदलाव कै बयार मा गांव ,गली कै बनिया कै दुकान ना भूली जउन साउदा लेय जाय मा एक ठय मिठीगोली अपने से देत रह है. पान ले आमय मा गुलाबकत्तरी कै दुई-चार टुकड़ा बिना पइसा कै देत रहा.वा सेठ, काका अउर चचा कय सुध रखब जरूरी हय. हमी लगत हय इया साल का इया प्रण निकहा होइ.नवो साल सब कै खितिर मंगलमय होय.

### मुख्य सचिव कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**सतना 3 जनवरी.** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक अब 5 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# देर रात दो दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जनवरी, शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय के सामने देर रात दो दुकानो में भीषण आग लगने से पूरा सामान जलकर राख हो गया.**

आग कैसे लगी यह जांच का विषय है आशंका है कि सरारती तत्वों द्वारा आग लगाई गई. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. रात में ही किसी तरह से आग पर



काबू पाया गया.

रात लगभग 2 बजे गणेश कलेक्शन और गुप्ता हैंडलूम स्टोर के अंदर से धुआ और आग की लपटे उठती देख स्थानीय लोगो ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और दमकल को दी. मौके पर दमकल की टीम पहुंची और बड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया. आग इतनी तेज फैल चुकी थी कि दुकान के अंदर रखा सामान पूरी तरह से जल गया. रात में ही दुकान संचालक भी पहुंच गये. आगजनी की घटना में दोनो दुकानो को मिलकर लगभग 25 से 30 लाख का नुकसान हुआ है. इतना ही नही गणेश कलेक्शन में एक लाख रूपया कैस रखा था जो जल गया. आग कैसे लगी यह जांच का विषय है, पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फोटो देख रही है. हालाकि कुछ लोगो का कहना है कि सरारती तत्वों द्वारा आग लगाई गई है या फिर विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी होगी, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है. समय पर आग अगर न बुझाई जाती तो और भी दुकानो में आग फैल सकती थी. रात का समय होने के कारण भीड़ नही थी नही तो आवागमन भी बाधित होता और आग बुझाने में मसक्कत करनी पड़ती.

# बुलेट बाइक के 120 साइलेंसर रोड रोलर से रौंदे

## यातायात पुलिस की कार्रवाई, ज्यादातर साइलेंसर पटाखा फोड़ने वाले

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 जनवरी. गोली चलने और तेज पटाखों जैसी आवाज निकालने वाली बुलेट बाइक के जब्त 120 साइलेंसर पर शनिवार को यातायात पुलिस ने रोड रोलर चलवा दिया।**



एसपी हंसराज सिंह के निर्देशन में एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल, डीएसपी संजय खरे की मौजूदगी में यातायात थाना में यह कार्रवाही की गई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज शुक्ला, सूबेदार पूनम रावत और रामदेवी राय भी मौजूद रहीं। डीएसपी खरे ने बताया कि बुलेट बाइक में अमानक साइलेंसर लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाही करते हुए यह साइलेंसर जब्त किए गए थे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि नियमों का पालन करते हुए दोपहिया वाहन चलाएं। यह भी कहा कि अब पुलिस सख्ती बरतने के लिए ऐसे वाहनों पर न्यायालयीन कार्रवाही करेगी।

### छोटे दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक

**सतना 03 जनवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। यह संशोधन राज्य में इज ऑफडुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने तथा दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधन के अंतर्गत अब ऐसी दुकानें एवं संस्थान, जिनमें 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके यहाँ श्रम निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा।

# निर्माणाधीन नागौद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## कलेक्टर ने दिये कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सतना 03 जनवरी. कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को निर्माणाधीन नागौद रेलवे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म और ट्रैक बिछाने के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद रेलवे और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से प्रोजेक्ट के वर्तमान स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता वाले मटेरियल का ही उपयोग किया जाए। साथ ही तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को जल्द से जल्द रेल सुविधा का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माणाधीन क्षेत्र में सुरक्षा के सभी पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के विस्तारीकरण और पार्किंग व्यवस्था पर भी कार्य करने के सुझाव दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम नागौद जितेन्द्र वर्मा सहित रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियर और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### गौशाला के लिए जमीन का चिन्हांकन


कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को नागौद क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत अमकुई में स्वावलंबी गौशाला के लिए जमीन का चिन्हांकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अजजा आयोग के अध्यक्ष का तीन दिवसीय दौरा 6 से 8 तक

## सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 जनवरी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष अंत सिंह आर्य का तीन दिवसीय सिंगरौली दौरा 6 जनवरी से 8 जनवरी तक प्रस्तावित है। इस दौरान वे जिले में जनजातीय हितों, आरक्षण नीति के क्रियान्वयन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।**



6 जनवरी मंगलवार को अध्यक्ष का सुबह 4:55 बजे सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर आगमन होगा। सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री की पहल माँ के नाम एक पेड़ योजना के तहत एनटीपीसी विंध्याचल प्रशासन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 10:30 बजे एनटीपीसी विंध्याचल यूनिट के अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से बैठक होगी। 11 बजे एनटीपीसी परियोजना प्रमुख व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरक्षण नीति और जनजातीय सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जाएगी। दोपहर बाद 3:30 बजे सर्किट हाउस में स्थानीय जनजातीय नेताओं से संवाद होगा। रात्रि विश्राम सिंगरौली में रहेगा। 7 जनवरी दिन बुधवार को सुबह 10 बजे एनसीएल प्रशासन द्वारा वृक्षारोपण, 10:30 बजे एनसीएल एसटी कर्मचारी संघ से बैठक तथा 11 बजे एनसीएल प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। अपराह्न 3:30 बजे जिले के सांसद एवं विधायकों से संवाद होगा। 8 जनवरी दिन गुरुवार को 9:30 बजे वृक्षारोपण, 10 बजे सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 10:30 बजे युवा संवाद कार्यक्रम तथा 11 बजे जनजातीय संगठनों के साथ सम्मेलन आयोजित होगा। 11:30 बजे कलेक्टर, एसपी सहित जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी। दोपहर 2 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद शाम 7 बजे अध्यक्ष का सिंगरौली से प्रस्थान होगा।

# राज्यमंत्री प्रतिमा ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

नवभारत न्यूज

**सतना 03 जनवरी मध्यप्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।**

राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# एंटरटेनमेंट एक्टिविटीज के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें : बैनल

## कलेक्टर ने मुड़वानी डैम इको पार्क का किया भ्रमण, पार्क के सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई किए जाने ननि आयुक्त को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल ने जयंत स्थित मुड़वानी डैम इको पार्क का भ्रमण किया।**

भ्रमण उपरांत कलेक्टर ने ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि इको पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारी निर्धारित कर नियमित रूप से साफ-सफाई कराएं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आईईसी की गतिविधियों का भी आयोजन किया जाकर जनभागीदारी के माध्यम से भी सफाई अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने इको पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया कि पार्क में बोटिंग क्लब को व्यवस्थित कर संचालित किया जाए। पार्क के



सौंदर्यीकरण के लिए म्यूजिकल फाउंटेन, गार्डन एवं अन्य एंटरटेनमेंट एक्टिविटीज के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि पार्क की सुरक्षा व्यवस्था पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए पार्क की बाउंड्री के मेंटेनेंस के साथ-साथ सुरक्षा गार्ड के माध्यम से नियमित गश्त भी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इको पार्क को एक आकर्षित पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सकता है, इसके लिए ननि एवं पर्यटन विभाग को रेवेन्यू मॉडल पर कार्य करने की आवश्यकता है। भ्रमण के दौरान ननि आयुक्त सविता प्रधान, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# महापौर कांग्रेस पार्टी में फूट डालों की कर रही राजनीति : अखिलेश

## ननि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से नाम वापस लेने दी सफाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 जनवरी। नगर पालिक निगम सिंगरौली में इन दिनों मामला काफी गरमाया हुआ है। नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के खिलाफ लाये गये प्रस्ताव से 9 पार्षदों ने नाम वापस लिये जाने के बाद आज कांग्रेस पार्टी के नेता एवं पार्षद अखिलेश सिंह ने देर शाम पीडब्ल्यूडी उच्च विश्राम गृह माजन मोड़ में पत्रकारों के साथ अपनी सफाई दी है और महापौर रानी अग्रवाल पर तीखा हमला करते हुये बोला कि महापौर कांग्रेस पार्टी में फूट डालों की राजनीति कर रही हैं।**



उन्होंने सफाई में अपनी बात रखते हुये कहा कि महापौर वार्डो के विकास में भेद-भाव किया है। उन्ही के पार्षद भाजपा में शामिल हो रहे हैं और फिर वापस भी आ रहे हैं। महापौर का कामकाज पूरी तरह से फेल है। हम पार्षदों को अंधेरे में रखे हैं। घर की बात जो टेबल तक सीमित थी, वह सोशल मीडिया में बात कैसे आई। इसे कौन ले जा रहा है। स्पीकर के अविश्वास प्रस्ताव के लिए सहयोग मांगा था, हमने शर्तो के साथ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए कहा था। मेयर पर आरोप लगाते हुये कहा कि वें हमेशा कांग्रेस के पार्षदों को तोड़ रही है। भाजपा हमारे पार्षदों को नही तोड़ रही है। बल्कि मेयर तोड़ रही हैं। कांग्रेस के पार्षदों को अपनी पार्टी से वापस करिये। फिर आगे बात नही बनेगी। उन्होंने यह भी शर्त रखा था कि कांग्रेस के सभी पार्षदों को एमआईसी में लिजिए। उन्होंने मेयर के साथ-साथ उनके पति प्रेम अग्रवाल पर भी आरोप लगाया और कहा कि हम लोगों के शर्तो को अनदेखी करने लगी। साथ 9 महीने से परिषद की साधारण सभा की बैठक नही हो पाई। शेखर सिंह समेत किसी भी कांग्रेसी पार्षद को मेयर खरीद नही सकती। उन्हें के पार्षद बिक सकते हैं। वहीं कांग्रेस पार्षद अनिल बैस पर भी निशाना साधते हुये कहा कि वे हम लोगो को सोशल मीडिया में सलाह देना बंद करें। इस दौरान बंतो कौर , शेखर सिंह, रामगोपाल पाल, रविन्द्र सिंह, प्रेम सागर मिश्रा मौजूद रहे।

### अविश्वास प्रस्ताव से इन पार्षदों ने नाम लिया है वापस

दरअसल ननि परिषद अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के खिलाफ 20 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर के यहां आवेदन दिये थे। बाद में पार्षद शेखरओम प्रकाश, बंतो कौर, रामगोपाल पाल, बबली शाह, रुकुमुन देवी, श्यामला, अखिलेश सिंह एवं अर्चना विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से कलेक्टर के यहां शपथ पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव से नाम वापस ले लिया। अविश्वास प्रस्ताव से नाम वापस लेते ही नगर निगम में राजनीति गरमा गई है। वहीं पार्षदों के इस निर्णय से मेयर रानी अग्रवाल के साथ-साथ कांग्रेस पार्षद अनिल बैस को भी राजनीति दृष्टिकोण से बड़ा झटका लगा है। आवेदन पत्र से नाम वापस लेने वालों में छः कांग्रेस के अलावा तीन आम आदमी पार्टी के पार्षद शामिल हैं।

एजेंसी देनी है
आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र नवभारत सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो. नं.- 9098286391, 7828109523


डॉ. अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समयः सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना
पताः ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99